

डीपीएस स्कूल परिसर में पौधारोपण करते लायन्स क्लब के सदस्य

# डीपीएस स्कूल परिसर में पौधारोपण अभियान

**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल परिसर में लायन्स क्लब आसनसोल ग्रेटर की पहल पर पौधारोपण किया गया. विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा हुई. बच्चों ने मनमोहक गीत प्रस्तुत की. पर्यावरण की देखभाल एवं अधिक से अधिक पौधारोपण हेतु प्रेरित किया. विद्यालय प्रबंध न्यासी प्रतीक गोयनका, प्रधानाचार्य आरडी शर्मा, लायन्स क्लब की जयंती मल्लिक (पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर), अम्बिका मुखर्जी (रीजनल चेयरपर्सन), अमित चट्टराज (अध्यक्ष), मनोज कुमार (सेक्रेटरी), शिप्रा दास (ट्रेजरर) और श्री अशोक शॉ (संयुक्त सचिव ) आदि उपस्थित थे. प्रिंसिपल श्री शर्मा ने लायंस क्लब के सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया. सुश्री मल्लिक ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए वृक्षों के महत्त्व और उनकी उपयोगिता के बारे में बताया तथा जीवन में कम से कम एक वृक्ष लगाने का संदेश दिया. कोई भी जीवधारी मृत होने के बाद अनुपयोगी हो जाता है जबकि मृत होने के बाद पेड़ों से इमारती लकड़ी मिलती है जो सैकड़ों वर्षों तक उपयोगी रहती है.